# नागरिकों के सहयोग से स्वच्छता में रतलाम नगर बनेगा नम्बर-1

## आयुक्त ने वार्ड पर्यवेक्षकों की बैठक ली
## नगर के सभी 49 जीरो वेस्ट वार्डो में घर-घर से किया जा रहा है कचरा एकत्रीकरण



दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार रतलाम नगर के सभी 49 वार्डो को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जा चुका है जिसके तहत स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी किया जा रहा है इस कार्य में रतलाम नगर के नागरिक भी जागरूक हो चुके है नागरिकों के सहयोग से ही रतलाम नगर स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में नम्बर-1 बनेगा।

निगम आयुक्त झारिया ने वार्ड पर्यवेक्षकों की बैठक लेकर कहा कि नगर निगम के साथ-साथ नागरिकों का भी यह प्रयास है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम नम्बर-1 बने इस हेतु किसी भी स्थिति में सड़क, नाले-नालियां, रिक्त भूखण्ड आदि पर कचरा ना रहे। इसके अलावा नगर के प्रत्येक घरों से गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक लिया जाये साथ ही अपने-अपने वार्डो में सफाई के कार्य को और अधिक सुदृढ़ बनायें।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के सभी 49 वार्डो को जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाने से वार्डो की सड़कों, गलियों एवं नालियों में कचरे की मात्रा कम हुई है नागरिक भी प्रातः अपने घरो, दुकानों से निकलने वाले कचरे का स्वंय गीले एवं सूखे कचरे पृथक्कीकरण कर कचरा संग्रहण वाहन में डाला जा रहा है इस कार्य में रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा भी पुरा सहयोग किया जा रहा है।

निगम कचरा संग्रहण वाहन के सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली किया जाकर रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टूटे खिलौने, प्लास्टिक आदि को पृथक कर कबाड़ी को बेचा जा रहा है जिसका कबाड़ी द्वारा रजिस्टर भी संधारित किया जा रहा है।

वार्डो में कचरा संग्रहण वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्व सहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आई.ई.सी. टीम के सदस्य, वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, इंजीनियर आदि ने वार्ड के 100 प्रतिशत घरो पर जाकर नागरिकों से गीला एव सूखा कचरा पृथक-पृथक प्राप्त कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक वाहनों में डाला।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि स्व सहायता समूहों की रैग पिकर्स महिलाऐं अपना एवं अपने परिवार का जीवन यापन करने के लिये अपने बच्चों के साथ जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर सूखे कचरे से प्लास्टिक, रबर, बॉटल व अन्य सामग्री अलग-अलग करके कबाड़ी को विक्रय कर नारकीय जीवन व्यतीत कर रही थी। जीरो वेस्ट वार्ड बनाने के तहत अब जुलवानिया की रैग पिकर्स महिलाओं को वार्डो में ही काम मिलने लगा है व इनकी सुरक्षा के लिये निगम द्वारा एप्रीन, ग्लबस, मास्क आदि उपलब्ध कराये गये है। इन्हे वार्ड में ही कार्य मिलने से इनके जीवन स्तर में सुधार होगा। आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, निगम सचिव जसवन्त जोशी, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री सुहास पंडित, सहायक वर्ग 3 राजेन्द्र गेहलोत, जितेन्द्र सिसोदिया, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र दोगाया, अनिल पारा, उप स्वच्छता पर्यवेक्षक मोनिका चौहान, आदि उपस्थित रहे।

## नगर के सभी 49 जीरो वेस्ट वार्डों में घर-घर से किय

# निगम आयुक्त झारिया ने वार्ड प

**प्रसारण न्यूज • रतलाम**

5-5-2021

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार रतलाम नगर के सभी 49 वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जा चुका है जिसके तहत स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी किया जा रहा है, इस कार्य में रतलाम नगर के नागरिक भी जागरूक हो चुके है। नागरिकों के सहयोग से ही रतलाम नगर स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में नम्बर 1 बनेगा।

निगम आयुक्त झारिया ने वार्ड पर्यवेक्षकों की बैठक लेकर कहा कि नगर निगम के साथ-साथ नागरिकों का भी यह प्रयास है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम नम्बर 1 बने, इस हेतु किसी भी स्थिति में सड़क, नाले-नालियां, रिक्त भूखण्ड आदि पर कचरा ना रहे। इसके अलावा नगर के प्रत्येक घरों से गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक लिया जाए, साथ ही अपने-अपने वार्डों में सफाई के कार्य को ओर अधिक सुदृढ़ बनाएं।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर के सभी 49 वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाने से वार्डों की सड़कों, गलियों एवं नालियों में कचरे की मात्रा कम हुई है, नागरिक भी प्रातः अपने घरों, दुकानों से निकलने वाले कचरे का स्वयं गीले एवं सूखे कचरे पृथक्कीकरण कर कचरा संग्रहण वाहन में डाला जा रहा है, इस कार्य में रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा भी पूरा सहयोग किया जा रहा है। निगम कचरा संग्रहण वाहन के सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली किया जाकर रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टूटे खिलौने, प्लास्टिक आदि को पृथक कर कबाड़ी को बेचा जा रहा है, जिसका कबाड़ी द्वारा रजिस्टर भी संधारित किया जा रहा है।

वार्डों में कचरा संग्रहण वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्व सहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आई.ई.सी. टीम के सदस्य, वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, इंजीनियर आदि ने वार्ड के 100



प्रतिशत घरों पर जाकर नागरिकों से गीला एव सूखा कच पृथक-पृथक प्राप्त कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन पृथक-पृथक वाहनों में डाला।

# जिले में आज शाम 6 बजे से 19 अप्रैल सुबह 6 बजे तक तालाबंदी

**कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकरणों से जिला प्रशासन ने लिया निर्णय**

रतलाम ● स्वदेश समाचार 9-4-2021

जिले में कोरोना संक्रमण के तेजी से बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए जिला प्रशासन ने शुक्रवार 9 अप्रैल शाम 6 बजे से 19 अप्रैल सोमवार प्रातः 6 बजे तक तालाबंदी प्रभावशील कर दी है। इस आदेश का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

कलेक्टर गोपालचंद डाड ने आज पत्रकारों से चर्चा करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तालाबंदी के दौरान राशन तथा सब्जी की होम डिलेवरी प्रारंभ रहेगी। दूध की प्रातः 6 से 10 तथा शाम को 5 से 8 बजे तक घर वितरण सेवा जारी रहेगी। सब्जी बिक्री के लिए भी इसी प्रकार व्यवस्था रहेगी, इसके लिए थैले वालों को अधिकृत किया जाएगा। बैंकें व सरकारी कार्यालय चालू रहेंगे।



गांव से शहर में आने पर प्रतिबंध रहेगा। औद्योगिक श्रमिकों, मीडियाकर्मियों के लिए यह प्रतिबंध नहीं रहेगा, उन्हें आई कार्ड साथ रखना होगा। पेट्रोल पम्प बंद ही रहेंगे, केवल कुछ पेट्रोल पम्पों को अधिकृत किया जाएगा, ताकि जरूरतमंद सेवाओं के लिए पेट्रोल की व्यवस्था हो सके। गैस सिलेंडर की घर पहुंच सेवा जारी रहेगी।

## सतर्कता जरूरी

कलेक्टर ने बताया कि अभी भी लोग मास्क का अनिवार्य रुप से उपयोग नहीं कर रहे हैं और न ही सामाजिक दूरी का पालन हो रहा है, जबकि प्रशासन ने इसके लिए भरसक प्रयास किए हैं। वे स्वयं तथा अधिकारी का अमला भी सड़कों पर उतरकर लोगों को समझाइश दे रहा है, उसके बाद भी लोग पालन नहीं कर रहे हैं, यह चिंता का विषय है। लगातार कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। यदि सतर्कता नहीं बरती गई तो दिक्कतें और बढ़ेंगी। उन्होंने बताया कि संक्रमित मरीजों के एक हजार प्रकरणों की जांच अहमदाबाद भेजी गई है, जिसकी जांच रिपोर्ट आज आने की संभावना है, जांच में 144 से अधिक प्रकरण पॉजिटिव आने की आशंका है।

## नहीं होने देंगे कालाबाजारी और मुनाफाखोरी

कलेक्टर का ध्यान आकर्षित करने पर उन्होंने कहा कि तालाबंदी के दौरान कहीं भी कालाबाजारी और मुनाफाखोरी की शिकायतें पाई गई तो व्यापारियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन इस बात का पूरा ध्यान रखेगा कि खाने-पीने की वस्तुओं में किसी प्रकार की लोगों में परेशानी न हो और न ही मुनाफाखोरी हो। अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनों के भोजन के संबंध में भी उन्होंने कहा कि इस संबंध में भी निर्णय लिया जाएगा कि उनके भोजन का प्रबंध कैसे हो? इसी प्रकार निर्धन और गरीबों को खाना कैसे मिले, इसके बारे में भी विचार किया जाएगा।

## संक्रमित मरीजों का आंकड़ा 109

उल्लेखनीय है बुधवार की रात को जारी मेडिकल बुलेटिन में अभी तक का सबसे बड़ा संक्रमित मरीजों का आंकड़ा 109 आने से लोगों में दहशत का माहौल बन गया है। संक्रमित मरीजों को लगने वाला रेमडेसिविर इंजेक्शन भी उपचार के लिए उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इधर-उधर से मंगाकर आपात प्रबंध किया जा रहा है। इस खतरनाक लहर में 763 एक्टिव मरीज, 2295 सैम्पलों की रिपोर्ट आना बाकी है। समाज प्रमुखों, धर्मगुरुओं, आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे तालाबंदी की गाइडलाइन का पालन करें और करवाएं।

## नौ दिनों की तालाबंदी पर पुनर्विचार करें

शहर कांग्रेस के अध्यक्ष महेन्द्र कटारिया के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल आज प्रशासनिक अधिकारियों से मिला। मंडल ने मांग की कि कोरोना महामारी को देखते हुए नौ दिवसीय तालाबंदी पर पुनर्विचार किया जाए। तालाबंदी के कारण गरीब मजदूर वर्ग एवं दैनिक मजदूरी करने वाले लोगों को सामने गंभीर संकट आ पड़ा है, इस पर पुनर्विचार की आवश्यकता है, ताकि गरीबों को बेरोजगारी का सामना न करना पड़े।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार––स्वदेश––पृष्ठ 8.....दिनांक..........2021

## निगम आयुक्त झारिया ने वार्ड पर्यवेक्षकों की बैठक ली

# नगर के सभी 49 जीरो वेस्ट वार्डों में घर-घर से किया जा रहा कचरा एकत्रीकरण

**रतलाम ● स्वदेश समाचार** नगर के सभी 49 वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जा चुका है, जिसके तहत स्वसहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी किया जा रहा है। इस कार्य में रतलाम नगर के नागरिक भी जागरूक हो चुके हैं। नागरिकों के सहयोग से ही रतलाम नगर स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में नम्बर 1 बनेगा।

निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने वार्ड पर्यवेक्षकों की बैठक लेकर कहा कि नगर निगम के साथ-साथ नागरिकों का भी यह प्रयास है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम नम्बर 1 बने, इस हेतु किसी भी स्थिति में सड़क, नाले–नालियां, रिक्त भूखंड आदि पर कचरा ना रहे। इसके अलावा नगर के प्रत्येक घरों से गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक लिया जाए, साथ ही अपने-अपने वार्डों में सफाई के कार्य को और अधिक सुदृढ़ बनाएं।

निगम आयुक्त ने बताया कि नगर के सभी 49 वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाने से वार्डों की सड़कों, गलियों एवं नालियों में कचरे की मात्रा कम हुई है। नागरिक भी प्रात: अपने घरों, दुकानों से निकलने वाले कचरे का स्वयं गीले एवं सूखे कचरे पृथक्कीकरण कर कचरा संग्रहण वाहन में डाला जा रहा है। इस कार्य में रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा भी पूरा सहयोग किया जा रहा है।



वार्डों में कचरा संग्रहण वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्वसहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आई.ई.सी. टीम के सदस्य, वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, इंजीनियर आदि ने वार्ड के 100 प्रतिशत घरों पर जाकर नागरिकों से गीला एव सूखा कचरा पृथक-पृथक प्राप्त कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक वाहनों में डाला। संग्रहित किए गए सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली कर समूह की महिलाओं द्वारा कचरे की छंटनी कर एकत्रित किया गया। नागरिकों से अपील जाती है कि वे अपने घरों एवं दुकानों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक कचरा पात्रों में एकत्रित कर अपने घर के बाहर रख दें। निगम द्वारा उसे कचरा संग्रहण वाहन में पृथक-पृथक डाला जाएगा। आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वच्छता कंसल्टेंट प्रतीक मिश्रा, एम.के. जैन, निगम सचिव जसवंत जोशी, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री सुहास पंडित, अनवर कुरैशी, बी.एल. चौधरी, राजेश पाटीदार, विकास मरकाम, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर, स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी, सिटी मैनेजर कपिल मारोठिया, नितिन तिवारी, कार्यालय अधीक्षक रामचंद शर्मा, सहायक वर्ग 3 राजेन्द्र गेहलोत, जितेन्द्र सिसौदिया, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र दोगाया, अनिल पारा, उपस्वच्छता पर्यवेक्षक मोनिका चौहान, जय उपाध्याय, तरुण राठौड़ आदि उपस्थित रहे।

## प्रदेश में कोरोना के बढ़ते मामलों के मद्देनजर सरकार ने लिया बड़ा फैसला

# अब सप्ताह में पांच दिन खुलेंगे प्रदेश में सरकारी कार्यालय

### शनिवार और रविवार को सभी कार्यालय बंद रहेंगे

भोपाल ■ प्रशासनिक संवाददाता

प्रदेश में कोरोना की दूसरी खतरनाक लहर को देखते हुए अब राज्य सरकार ने दो दिन का लॉकडाउन घोषित करते हुए शासकीय कार्यालय सप्ताह में पांच दिन खोलने का निर्णय लिया है। इस अवधि में लोकसेवकों को कार्यालय में 9 घंटे की ड्यूटी करनी होगी।

### सुबह 10 से शाम 06 बजे तक लोकसेवकों को रूकना होगा दफ्तर में

राज्य सरकार ने कोरोना के लगातार बढ़ते संक्रमण को देखते हुए पूरे प्रदेश में शनिवार और रविवार को टोटल लॉकडाउन करने का निर्णय लिया है। इससे संबंधित गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रदेश के समस्त कार्यालय सप्ताह में पांच दिन संचालित किए जाएंगे। शनिवार एवं रविवार को समस्त कार्यालय बंद रहेंगे। पांच कार्यदिवसों में कार्यालयीन समय प्रातः 10 से शाम 6 बजे तक रहेगा। यह आदेश 31 जुलाई 2021 तक प्रभावशील रहेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पृथक से आदेश जारी किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार हॉटस्पॉट क्षेत्र एवं कंटेनमेंट जोन में 7 से 10 दिन का लॉकडाउन जिला कलेक्टर लागू कर सकेंगे। इन क्षेत्रों में आवाजाही पर समस्त प्रतिबंध रहेंगे। परीक्षा केंद्र एवं आने-जाने वाले प्रशिक्षणार्थी तथा परीक्षा केन्द्र एवं आयोजन से जुड़े कर्मचारी और अधिकारियों का आवागमन जारी रहेगा।

### शिक्षा विभाग में असमंजस की स्थिति

यूं तो राज्य सरकार द्वारा समस्त कार्यालयों के लिए यह आदेश प्रभावशील किया गया है, लेकिन शिक्षा विभाग में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कारण है कि परीक्षाओं का समय नजदीक है। इस कारण शिक्षक दिन भर यही चर्चा करते रहे कि क्या शनिवार को उन्हें स्कूलों में पहुंचना होगा या फिर विभाग उनको अवकाश देगा। इधर भोपाल में जिला शिक्षा अधिकारी नितिन सक्सेना ने कहा है कि अभी उन्हें आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। आदेश मिलते ही विभाग से मार्गदर्शन मांगा जाएगा। उसके बाद ही हम कुछ कह सकते हैं। इधर अध्यापक नेता उपेन्द्र कौशल ने कहा है कि जब सभी कार्यालयों में शनिवार का अवकाश रहेगा तो शिक्षकों के लिए भी यह आदेश प्रभावशील होना चाहिए।

### कोरोना पॉजिटिव व्यक्तियों के होम आइसोलेशन के संबंध मे निर्देश

भोपाल, (प्रसं)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश मे कोविड–19 के प्रकरणों
संख्या को दृष्टिगत रखते हुए घर पर आइसोलेशन की समुचित व्यवस्था
अधिक से अधिक पात्र कोविड पॉजिटिव व्यक्तियों को होम आइसोलेशन मे
जाने का निर्णय लिया गया है। जिला स्तर पर स्थापित जिला कोविड कमा
और कंट्रोल सेंटर द्वारा होम आइसोलेशन व्यक्ति की दैनिक निगरानी
जायेगी। ऐसे पॉजिटिव व्यक्ति के पास आवश्यक चिकित्सीय संसाधन
औषधियाँ उपलब्ध रहेंगी। आयुक्त स्वास्थ्य सह सचिव डॉ. संजय गोयल ने
संबंध मे निर्देश जारी कर दिये है। जारी निर्देश मे कहा गया है कि कोवि
19 पॉजिटिव केस को होम आइसोलेशन की अनुमति देते समय एक
आइसोलेशन किट उपलब्ध कराई जाये। इसमे विभिन्न प्रकार की 12 साम
और औषधियाँ पॉजिटिव व्यक्ति को उपलब्ध कराई जाये। उपरोक्त किट
व्यवस्था मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जिले के कुल ए
कोविड–19 केसों की संख्या के 60 प्रतिशत के मान से तैयार कराई जा
होम आइसोलेशन की अनुमति देते समय 'फीवर क्लीनिक' के चिकि
अधिकारी द्वारा कोविड पॉजिटिव व्यक्ति को किट उपलब्ध कराई जाये
इसके अलावा पॉजिटिव व्यक्ति के पास स्वयं की निगरानी के लिये डिजि
थर्मामीटर और पल्सोक्सीमीटर उपलब्ध कराया जायेगा। स्वास्थ्य विभा
होम आइसोलेशन रोगी के लक्षण होने, इस दौरान क्या सावधानियां बरतनी
उच्च जोखिम सम्पर्क कौन होगा, पॉजिटिव व्यक्ति के लिए आवश्यक व्यव
और रोगी के घरेलू सदस्यों को क्या-क्या सतर्कताएं बरतनी होंगी, इन बि
पर भी स्थिति स्पष्ट की गई है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार——प्रसारण——पृष्ठ 6……दिनांक 9–4……2021

# नगर निगम करती आव्हान,

**प्रसारण न्यूज • रतलाम**

9-4-2021

स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत नागरिकों को स्वच्छता का पाठ पढ़ा कर शहर के सभी वार्डों को जीरो वेस्ट बना चुके नगर निगम प्रशासन ने बुधवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 1001 रांगोली का निर्माण कर लाखों लोगों को कोरोना से बचाव के तरीके समझाए गए है। इस मौके पर सैकड़ों लोगों को निःशुल्क मास्क का वितरण कर उन्हें सही ढंग से मास्क पहनने का तरीका भी समझाया गया है। रांगोलियों में नगर निगम करती आव्हान, मास्क पहनो श्रीमान जैसे दर्जनों संदेश दिए गए थे।

कलेक्टर और नगर निगम प्रशासक गोपालचंद डाड और निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर बुधवार रांगोली का निर्माण शुरू किया गया, जो देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान विभिन्न वार्डों और सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को कोरोना संक्रमण के दौरान इससे बचने के संदेश रांगोलियों के माध्यम से दिए गए। यहां आने जाने वाले लोगों को मास्क का वितरण किया गया और उन्हें सही ढंग से मास्क पहनने के तरीके समझाए गए।

कोरोना काल में आमजन को वायरस से बचाने के तरीके समझाने के लिए नगर निगम द्वारा रांगोली निर्माण के दौरान सफाई मित्र समूह के मार्गदर्शन में शहर की तमाम माता-बहनों और बच्चों रांगोली का निर्माण कर मास्क का वितरण किया गया। इस महाअभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनिता लोढ़ा, परियोजना अधिकारी चेतना गेहलोत, अर्चना माहोर, एक दर्जन से ज्यादा पर्यवेक्षण, समूह संचालक श्रीमती सोफिया कुरैशी, श्रीकृष्ण समूह, मोहित सोनी सहित अनेक लोगों ने भरपूर सहयोग दिया।



आयुक्त सोमनाथ झारिया ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रिकार्ड बनाने वाली इस गतिविधि को लेकर कहा कि जुर्माना, अस्थायी जेल, फटकार आदि तरीकों के माध्यम से लोगों को कोरोना गाईड लाईन का पालन करने की समझाईश दी जा रही है। इसी बीच नगर निगम ने गांधीगिरी का यह तरीका अपनाया है। रांगोली लोगों में सकारात्मक भाव जगाते है। हम चाहते है कि लोग इस भीषण कोरोना काल में अपनी जिम्मेदारी समझ कर उसे निभाए और अपने साथ ही दूसरों की भी जान बचाएं।


अलकापुरी, जनता नगर, नयागांव राजगढ़, अर्जुन नगर, दिलीप नगर, हनुमान ताल, रत्नपुरी, शक्तिनगर, शुभम परिसर, सहकारी कॉलोनी, दीपक नगर, सूरजमल जैन नगर, अर्जुन नगर, माहेश्वरी प्रोटीन, राजीव नगर, दिलीप नगर,

सिविक… क्षेत्र, ग… एवं … चिकि… नगर, न… कॉलेज… अमृत… (भगत… मालीकु… पट्टी, अ… त्रिवेणी… कल्याण… गढ़कैल… गली न… 1 व 2, नगर ग… नम्बर- मालीकु… नाहरपु… शनिगली… खातीपु… 150 से…

9...4......2021

# , 1000 से ज्यादा रिपोर्ट आना बाकी

## जून 2020 में अनलाक के 11 माह बाद फिर वही हालात



### आज पुराने कलेक्टोरेट पर ही होगा टीकाकरण



माहेश्वरी समाज भवन में टीका लगवाते हुए समाजजन। • नईदुनिया

रतलाम। जिले के 20 वैक्सीनेशन सेंटर्स पर 8 अप्रैल गुरुवार को 3715 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। जिले में गुरुवार तक 80549 वैक्सीनेशन किए जा चुके हैं। जिला चिकित्सालय रतलाम केंद्र पर 607, पुराना कलेक्ट्रेट पर 502, जैन काश्यप सभागृह पर 416, मंडावल केंद्र पर 165, सामुदायिक भवन अलकापुरी पर 270, आयुष हास्पिटल पर 210, सिविल हास्पिटल जावरा पर 308, बांगरोद केंद्र पर 117, सामुदायिक भवन जवाहर नगर केंद्र पर 210, मावता केंद्र पर 100, रेलवे अस्पताल पर 160, गुरु नानक सिंधु भवन पर 194, सिविल हास्पिटल आलोट पर 141, ताल केंद्र पर 129, सैफी जमातखाना 93, आरोग्यम हॉस्पिटल 55, जीडी हास्पिटल 30, श्रद्धा हास्पिटल पर 08 वैक्सीनेशन किए गए।




कोरोना का टीका लगवाते हुए श्री वर्धमान स्थानकवासी न श्रावक संघ नीमचौक के उपाध्यक्ष विनोद बाफना। • नईदुनिया

### माहेश्वरी भवन पर कोरोना टीकाकरण शुरू

श्री माहेश्वरी समाज के तत्वावधान में जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से श्री माहेश्वरी भवन कसारा बाजार पर कोरोना टीकाकरण केंद्र प्रारंभ किया गया। केंद्र पर गुरुवार को 205 लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया। टीकाकरण व्यवस्था में माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष शैलेन्द्र डागा, डा बीएल तापड़िया, नरेंद्र बाहेती, द्वारकादास भंसाली, पवन सोमानी, माधव काकानी, गोपाल राठी, सुनील लाठी, नवलकिशोर राठी आदि समाजजन उपस्थित रहे।

### ी सेवाओं के लिए इस तरह मिलेगी छूट

- दूध विक्रेता तथा दूध पार्लर से पैकेट आपूर्ति हेतु प्रात: 6:00 से 10:00 बजे एवं शाम 4:00 से 7:00 बजे तक दूध वितरण घर-घर जाकर किया जा सकेगा।
- 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोग कोविड-19 टीकाकरण के लिए नजदीकी केंद्र पर आ जा सकेंगे।
- सब्जी एवं फल विक्रेता फेरीवाले घर-घर जाकर चलित रूप से सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक सब्जी बेच सकेंगे।
- किराना दुकानों से होम डिलेवरी प्रात: 10 बजे से शाम 6:00 बजे तक की जा सकेगी। ग्रामीण दुकानदारों की आपूर्ति के लिए सुबह 6:00 बजे से प्रात: 10:00 बजे तक क्रय कर लाने ले जाने की अनुमति रहेगी।
- एलपीजी गैस सिलेंडर की घरों पर आपूर्ति चालू रहेगी, लेकिन ग्राहक स्वयं आउटलेट पर नहीं जा सकेंगे।
- न्यूज पेपर वितरण प्रात: छह से नौ बजे तक किया जा सकेगा।
- होटल एवं लाज में ठहरने वाले गेस्ट को केवल रूम में भोजन परोसने की अनुमति रहेगी।
- टिफिन सेंटर से टिफिन वितरण प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक एवं शाम 5:00 बजे से 8:00 बजे तक की अनुमति रहेगी।
- किसानों को अपने खेत पर कृषि कार्य हेतु जाने की अनुमति रहेगी।

### मालवा चेंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज ने भी की पहल

मालवा चेंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री रतलाम संभाग द्वारा आयोजित आयुष महोत्सव के तहत पहले वैक्सीनेशन कैंप का शुभारंभ गुरुवार को श्रीराम स्वीच गियर लिमिटेड में हुआ। टीकाकरण अधिकारी डाक्टर वर्षा कुरील ने सेंटर का निरीक्षण कर कहा कि इस पहल से औद्योगिक कारखानों में कार्यरत कर्मचारियों को वैक्सीनेशन का लाभ प्राप्त होगा। अभी तक 125 से अधिक श्रमिकों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। इस दौरान उद्योगपति सुरेंद्र पोरवाल, वीरेंद्र पोरवाल, नरेश झालानी, प्रवीण कटारिया, जयेश झालानी, नीलेश सेलोत, रोहित झालानी, आदित्य पोरवाल आदि उपस्थित रहे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार पत्रिका पृष्ठ 3 दिनांक 9-4-2021

# इंडस्ट्रीयल एरिया से 1300 किलो पॉलीथिन जब्त

## निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर निगम अमले ने की कार्रवाई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 9-4-2021

रतलाम. 50 माइक्रान से कम की पॉलीथिन जब्ती अभियान के तहत नगर निगम के गठित द्वारा पूर्व में सील गई साई लीला प्लास्टिक की पॉलीथिन नागेश्वर पाईप पर रखे होने की सूचना प्राप्त होने पर कार्रवाई करते हुए 1300 किलो अमानक स्तर का प्लास्टिक जब्त किया गया है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को इस मामले में गुरुवार को सूचना मिली थी। इसके बाद दल द्वारा 1 क्विंटल 300 किलो जब्त की गई।

निगम आयुक्त झारिया के निर्देशानुसार जब्त की गई पॉलीथिन को नष्ट करने हेतु गाड़ी में भरकर जुलवानिया भेजा गया जहां वजन किया जाकर जमा कराई गई। पॉलीथिन जब्त करने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विराट मेहरा के अलावा मनोज टांक, पवन झांझोट, आकाश शिंदे, राकेश ललावत व मनोज झांझोट आदि के द्वारा की गई। आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# 1300 किलो पॉलीथिन जब्त, जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड भेजी

### औद्योगिक क्षेत्र में नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

## सफाई व पर्यावरण दोनों का ध्यान रखना जरूरी

भास्कर संवाददाता | रतलाम
9-4-2021

प्रतिबंधित 50 माइक्रान से कम की पॉलीथिन उपयोग करने वालों के खिलाफ चल रहे अभियान में गुरुवार को नगर निगम ने औद्योगिक क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। सील की गई साईं लीला प्लास्टिक की पॉलीथिन नागेश्वर पाइप पर रखे होने की सूचना मिलने पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने टीम को चेक करने भेजा। जांच में 1300 किलो पॉलीथिन मिली। इसे तुरंत जब्त कर लिया। साथ ही नष्ट करने के लिए जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड भिजवाया। कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े ने की।

दै. भास्कर 9-4-2021

# औद्योगिक क्षेत्र से 1300 किलो पालीथिन जब्त

रतलाम। 50 माइक्रान से कम की पालीथिन जब्ती अभियान के तहत नगर निगम के गठित द्वारा पूर्व में सील गई साईं लीला प्लास्टिक की पालीथिन नागेश्वर पाइप पर रखे होने की सूचना पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार दल द्वारा 1 क्विंटल 300 किलो जब्त की गई। जब्त की गई पालीथिन को नष्ट करने के लिए गाड़ी में भरकर जुलवानिया भेजा गया, जहां वजन कर जमा कराई गई। पालीथिन जब्त करने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विराट मेहरा के अलावा मनोज टांक, पवन झांझोट, आकाश शिंदे, राकेश ललावत, मनोज झांझोट आदि द्वारा की गई।

नई दुनिया 9-4-2021

# इण्डस्ट्रीयल एरिया से 1300 किलो पॉलीथीन जब्त

रतलाम। 50 मॉइक्रान से कम की पॉलीथीन जब्ती अभियान के तहत नगर निगम के गठित द्वारा पूर्व में सील गई साँई लीला प्लास्टिक की पॉलीथीन नागेश्वर पाईप पर रखे होने की सूचना प्राप्त होने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार दल द्वारा 1 क्विंटल 300 किलो जब्त की गई। निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार जब्त की गई पॉलीथीन को नष्ट करने हेतु गाड़ी में भरकर जुलवानिया भेजा गया जहां वजन किया जाकर जमा कराई गई। पॉलीथीन जब्त करने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विराट मेहरा के अलावा मनोज टांक, पवन झांझोट, आकाश शिन्दे, राकेश ललावत व मनोज झांझोट आदि के द्वारा की गई।

नव भारत 9-4-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार—पत्रिका——पृष्ठ 14....दिनांक..9...4.......2021

# रतलाम की दो इकाइयों का सीएम ने किया वर्चुअल लोकार्पण

पत्रिका सिटी हैपनिंग

## विधायक काश्यप बोले नई इकाइयों से बेहतर औद्योगिक वातावरण बनेगा





पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 9-4-2021

रतलाम. प्रदेश व्यापी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन गुरुवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के मिंटो हॉल में किया। वर्चुअल आयोजन में रतलाम जिले की दो इकाइयों का लोकार्पण और एक का भूमिपूजन भी किया। रतलाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने इन इकाइयों की लोकार्पण एवं भूमि पूजन पट्टिकाओं का अनावरण करते हुए नए उद्योगपतियों को शुभकामनाएं दी।

विधायक काश्यप ने कहा कि नवीन इकाइयों से रतलाम में बेहतर औद्योगिक वातावरण बनेगा। इससे प्रेरित होकर उद्योगपति अपने प्रयासों से और बेहतर इकाइयों की स्थापना करेंगे। रतलाम में दो नवीन इकाइयों का लोकार्पण किया जो 270 लाख की लागत से स्थापित की गई है। रतलाम के जावरा तहसील के ग्राम कुम्हारी में मेसर्स श्री एग्री प्रोडक्ट और नमकीन क्लस्टर करमदी में अभिनंदन इंडस्ट्रीज का लोकार्पण हुआ। इन इकाइयों के माध्यम से क्षेत्र के 13 लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा। इसी प्रकार जिले के ग्राम नगरा मैसर्स ऋषभ पॉलिप्लास्ट का भूमि पूजन किया गया। यह इकाई 120 लाख रुपए की लागत से निर्मित होगी तथा इसके माध्यम से 40 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

### 9 इकाइयां जल्द करेगी उत्पादन शुरू

उद्योग विभाग के महाप्रबंधक मुकेश शर्मा ने बताया कि भविष्य में रतलाम जिले में 9 इकाइयां अति शीघ्र उत्पादन प्रारंभ करने वाली हैं, जिसमें कुल पूंजी निवेश 3065 लाख रुपए होगा तथा 260 लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। कार्यक्रम में कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, एसपी गौरव तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह लुनेरा, रतलाम जिला उद्योग संघ के संदीप व्यास, मालवा चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के वरुण पोरवाल, रतलाम नमकीन क्लस्टर एसोसिएशन करमदी के अध्यक्ष आशीष पालीवाल, रतलाम नमकीन एसोसिएशन के शैलेंद्र गांधी सहित क्षेत्र के उद्योगपति मौजूद थे।

**होटल बालाजी पर 5000 का जुर्माना :** न्यू रोड स्थित होटल बालाजी के संचालक द्वारा होटल में अत्याधिक संख्या में भीड़ एकत्रित करने पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार 5000 रुपये का जुर्माना किया गया। इसके अलावा पालीथिन का उपयोग करने पर मुजफ्फर बोहरा बाखल पर 500 रुपये का स्पाट फाइन कर आठ किलो पालीथिन जब्त की गई। गंदगी, मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरुद्ध जुर्माना किए जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

नई दुनिया 9-5-2021

प्रभात किरण 9-5-2021

# भीड़ एकत्रित करने पर होटल बालाजी पर 5000 का जुर्माना

रतलाम। न्यू रोड स्थित होटल बालाजी के संचालक द्वारा होटल में अत्याधिक संख्या में भीड़ एकत्रित करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार संबंधित का 5000 का जुर्माना किया गया। इसके अलावा पॉलीथीन का उपयोग करने पर मुजफ्फर बोहरा बाखल पर 500 रुपये का स्पॉट फाईन कर 8 किलो पॉलीथीन जब्त की गई। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत लड्डे, उप स्वच्छता निरीक्षक विराट मेहता के अलावा मनोज टांक, पवन झांझोट, आकाश शिन्दे, राकेश ललावत व मनोज झांझोट आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरुद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

चेतना 9-5-2021

# भीड़ एकत्रित करने पर किया जुर्माना

रतलाम। न्यू रोड स्थित होटल बालाजी के संचालक द्वारा होटल में अत्याधिक संख्या में भीड़ एकत्रित करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार संबंधित का पांच हजार का जुर्माना किया गया। इसके अलावा पॉलीथीन का उपयोग करने पर 500 रुपए का स्पॉट फाईन कर 8 किलो पॉलीथीन जब्त की गई।

दै. अवन्तिका 9-5-21

## ा रहा है कचरा एकत्रीकरण

# ्यवेक्षकों की बैठक ली



निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि स्व सहायता समूहों की रैग पिकर्स महिलाएं अपना एवं अपने परिवार का जीवन यापन करने के लिए अपने बच्चों के साथ जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर सूखे कचरे से प्लास्टिक, रबर, बॉटल व अन्य सामग्री अलग-अलग करके कबाड़ी को विक्रय कर नारकीय जीवन व्यतीत कर रही थी। जीरो वेस्ट वार्ड बनाने के तहत अब जुलवानिया की रैग पिकर्स महिलाओं को वार्डों में ही काम मिलने लगा है व इनकी सुरक्षा के लिए निगम द्वारा एप्रीन, ग्लब्स, मास्क आदि उपलब्ध कराए गए है। इन्हें वार्ड में ही कार्य मिलने से इनके जीवन स्तर में सुधार होगा।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वच्छता कनसलटेंट प्रतीक मिश्रा, एम.के. जैन, निगम सचिव जसवन्त जोशी, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री सुहास पंडित, सहायक वर्ग 3 राजेन्द्र गेहलोत, जितेन्द्र सिसौदिया, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र गौतम, अनिल पारा, उप स्वच्छता पर्यवेक्षक मोनिका चौहान, जय उपाध्याय, तरुण राद आदि उपस्थित रहे।

# सफाई मित्र समूह बता रहे कोरोना से कैसे बचें

दूसरी लहर में लोगों को कोरोना से बचाने के लिए नगर निगम ने गुरुवार को अब ना कोई बहाना, मास्क है लगाना अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाया। सफाई मित्र समूह ने रंगोलियां सजाकर संदेश दिया, प्रमुख चौराहा, कॉलोनियों और मोहल्लों में रहवासियों को मास्क पहनने का सही तरीका बताया। दो गज की दूरी रखने, हैंड सैनेटाइज्ड करने सहित अन्य सावधानियों की जानकारी दी। आयुक्त झारिया ने बताया कोविड से बचाव जरूरी है। लॉकडाउन में लोग घरों में रहकर गाइड लाइन का पालन करें।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ 7......दिनांक 9-4.......2021

# दो दिन में 253 मरीज और चार मौत

## आज शाम से 228 घंटे की तालाबंदी, बाजारों में भीड़, ज

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। आज शाम छह बजे से 19 अप्रैल की सुबह छह बजे तक जिले में 228 घंटे के टोटल लाकडाउन में प्रशासन ने जरूरी चीजों की आपूर्ति व सेवाओं को जारी रखने के इंतजाम किए हैं। इधर टोटल लाकडाउन के फैसले के बाद गुरुवार दोपहर से ही बाजारों में जरूरी सामान खरीदने के लिए लोगों की भीड़ लगना शुरू हो गई। लोग भी आशंकित दिखे। कई जगह चीजों के दाम बढ़ाने की बात भी सामने आई। इधर, गुरुवार को अहमदाबाद भेजे गए एक हजार सैंपलों की रिपोर्ट में 144 नए मरीज मिले। जबकि दो मौत हो गई। बुधवार को 109 मरीज मिले थे और दो मौत हुई थी। इस तरह 48 घंटों में 253 मरीज मिले और चार की मौत हुई। अभी भी एक हजार से अधिक सैंपलों की रिपोर्ट आना बाकी है। जिले में पाजिटिविटी रेट 14 प्रतिशत से ऊपर ही चल रहा है।

लगातार कोरोना मरीज बढ़ने के कारण लाकडाउन की संभावना जताई जा रही थी। दोपहर में निर्णय के बाद धानमंडी, माणकचौक, राममंदिर, पैलेस रोड सहित अन्य प्रमुख बाजारों, सब्जी मंडियों में लोगों की भीड़ बढ़ गई। बड़े मॉल में भी लोग सामान खरीदने के लिए कतार में लगे रहे। बसों का संचालन बंद रहने से ट्रेन से आकर जिले में या आगे जाने वालों लोगों को परेशानी हो सकती है।



नौ दिन के टोटल लाकडाउन की सूचना के बाद रतलाम के चांदनीचौक क्षेत्र में उमड़ी भीड़। • नईदुनिया 9-4-2021

### शादी में 50 लोगों की अनुमति

विवाह समारोह में वर-वधू पक्ष एवं व्यवस्था के कर्मचारियों सहित अधिकतम 50 व्यक्ति की अनुमति रहेगी विवाह समारोह में प्रोसेशन व डीजे पूर्णता प्रतिबंधित रहेंगे, केवल आपातकालीन उद्देश्यों के चिकित्सा आपात स्थिति को छोड़कर दो पहिया वाहन पर एक व्यक्ति और चार पहिया वाहन पर दो व्यक्ति की अनुमति रहेगी।

### जिलों में मंत्रियों की नियुक्ति करें

पूर्व गृह मंत्री हिम्मत कोठारी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख आग्रह किया है कि ज्यादा संक्रमित जिलों में एक-एक मंत्री को जिम्मेदारी दें। वे माह में कम से कम दो बार दौरा कर व्यवस्था का निरीक्षण व कार्य की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दें। इससे आमजन को प्रशासन तक अपनी समस्याओं को पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम मिल जाएगा व भय का माहौल खत्म होकर विश्वास भी जागेगा।

### मुआवजा देने की मांग

जय मां संकल्पवान उच्च मानव समाज संगठन ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसमें टोटल लाकडाउन के दौरान व्यवसाय बंद करने वालों को मुआवजा देने की मांग की गई। अजय गोठवाल, शाकिर शेख, मधुसूदन, संजय भंडारी, राहुल सक्सेना, विकास शर्मा आदि उपस्थित थे।

### रात्रिकालीन कर्फ्यू व अन्य विकल्पों पर भी ध्यान दिया जाए

कोरोना महामारी को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा तावड़तोड़ में की गई नौ दिन के लाकडाउन की घोषणा के विरोध में शहर कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष महेंद्र कटारिया के नेतृत्व में कलेक्टर से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की की वर्तमान स्थिति को देखते हुए व्यापार-व्यवसाय पूरी तरह चौपट हो चुका है। दैनिक रोजगार करने वाले परेशान स्थिति में घूम रहे हैं। ऐसी अवस्था में लाकडाउन में उनका जीवन यापन और भी तकलीफदायक हो जाएगा।

### जरू

- अत्यावश्यक सेवा वाले विभाग, राजस्व, स्वास्थ्य, पुलिस, बैंक, विद्युत, दूरसंचार, नगरपालिका, पंचायत, रेलवे आदि लाकडाउन से मुक्त रहेंगे।
- कंटेनमेंट क्षेत्र को छोड़कर समस्त मेडिकल दुकान, हास्पिटल, नर्सिंग होम एवं पैथोलाजी लैब खुली रहेंगी।
- पेट्रोल पंप खोलने की अनुमति रहेगी।
- कालिका माता मंदिर एवं त्रिवेणी पर निराश्रितों को प्रतिदिन भोजन वितरण प्रतिबंध से मुक्त रहेगा।
- सभी शासकीय कर्मचारी केवल ड्यूटी के प्रयोजन से प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे, उन्हें अपने साथ आइडी कार्ड रखना अनिवार्य होगा।

# मास्क पहनों श्रीमान्

दर, काशी विश्वनाथ मंदिर, अमृत सागर
लाश, भगतपुरी,जिला अस्पताल, महिला
रोग गहन चिकित्सा ईकाई, बाल
य, काटजू नगर, जवाहर नगर, दिनदयाल
निगम कार्यालय परिसर, साईस एण्ड ऑटर्स
लिका माता मंदिर परिसर, झाली तालाब,
गर तालाब क्षेत्र, वार्ड नम्बर-22
, रत्नेश्वर रोड,वार्ड नम्बर-25 (
गवली मोहल्ला, भाटों का वास, लोहार
स्ती व आसपास का इलाका,सुभाष नगर,
, शंकरगढ़, नया कल्याण नगर, पुराना
, मस्जिदवाली गली, त्रिपोलिया गेट रोड,
तीनगर, संत नगर,खेतलपुर, ईश्वर नगर
1,2,3 व 4, राम रहीम नगर गली नम्बर-
शाह नगर गली नम्बर 1,2 व 3, गोपाल
बर 1 व 2, बुध्देश्वर रोड, टाटा नगर गली
व 3, आबकारी चौराहा,श्रीकृष्ण रूप
जीपुरा, हाकिम वाड़ा, अंजता टॉकीज,
हितजी का बास, देवीसिंह कालोनी,
सिंह गली, हरिजन बस्ती, न्यु काजीपुरा,
हित नगर के सभी प्रमुख चौराहे सहित
क्षेत्रों में रंगोली का निर्माण कराया है।

## इनका रहा सहयोग

कोरोना काल में आमजन को वायरस से बचाने के तरीके समझाने के लिए नगर निगम द्वारा रांगोली निर्माण के दौरान सफाई मित्र समूह के मार्गदर्शन में शहर की तमाम माता-बहनों और बच्चों रांगोली का निर्माण कर मॉस्क का वितरण किया गया। इस महाअभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री वनिता लोड़ा, परियोजना अधिकारी चेतना गेहलोत, अर्चना माहेर, एक दर्जन से ज्यादा पर्यवेक्षण, समूह संचालक श्रीमती सोफिया कुरैशी, श्रीकृष्ण समूह, मोहित सोनी सहित अनेक लोगों ने भरपूर सहयोग दिया।

## सतत जारी रहेगा जागरुकता अभियान

आयुक्त सोमनाथ झारिया ने इतिहास रचने वाले इस गतिविधि को लेकर कहा कि जुर्माना, अस्थायी जेल, फटकार आदि तरीकों के माध्यम से लोगों को कोरोना गाईड लाईन का पालन करने की समझाईश दी जा रही है। इसी बीच नगर निगम ने गांधीगिरी का यह तरीका अपनाया है। रांगोली लोगों में सकारात्मक भाव जगाते है। हम चाहते है कि लोग इस भीषण कोरोना काल में अपनी जिम्मेदारी समझ कर उसे निभाए और अपने साथ ही दूसरों की भी जान बचाए।

## पांच मवेशियों को पकड़कर गोशाला भिजवाया

सड़कों पर लावारिस घूमने वाले मवेशियों की धरपकड़ करते हुए गुरुवार को स्वास्थ्य अमले ने पांच मवेशियों को पकड़ा। कार्रवाई ग्लोबस कॉलोनी, विरियाखेड़ी, कस्तूरबा नगर, सैफी नगर, दीनदयाल नगर में की। आयुक्त झारिया ने बताया 13 अक्टूबर से चल रहे अभियान में 762 मवेशियों को पकड़कर गोशाला भेजा है। जल्द शहर में मवेशी पालकों के तबेलों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। सूची तैयारी की जा रही है।

# 757 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्रि में भी मवेशियों को पकड़ा जाएगा, क्योंकि मवेशी पालकों द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है, जिससे शहर में गंदगी होती है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 7 अप्रैल तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 757 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 7 अप्रैल को कालिका माता परिसर, शहर सराय, ईदगाह रोड, गोपाल गौशाला, दो बत्ती व टी आई टी रोड से 6 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए। शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़कों चौराहों को मवेशी मुक्त बनाए जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलों को अभियान चलाकर तोड़ा जाएगा, इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है।

# अनुकंपा नियुक्ति में सफाई कामगारों से भेदभाव

**रतलाम।** नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति प्रेस के माध्यम् से आप को अवगत कराती है कि नगर निगम रतलाम में सफाई कामगारों के परिवार के सदस्यों द्वारा नगर निगम प्रशासन को काफी सेवाएं दी व उक्त सेवाकाल के दौरान कई सफाई कामगार का निधन हो गया है। वहीं निधन हुए परिवार के सदस्यों द्वारा अपने वारिस हेतु कईयों ने अनुकंपा नियुक्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत कर रखें। लेकिन किसी को 5 साल किसी को 3 साल किसी को 4 साल होने को है लेकिन उनके परिवार में अनुकंपा नियुक्ति देने की कार्रवाई आज दिनांक तक पूरी नहीं होने के लिए स्थापना के अधिकारी भैयालाल चावरे, राजेंद्र गहलोत, विकास सोलंकी, उपायुक्त मुजीब खान आदि अधिकारी जिम्मेदार है। क्योंकि इनके सानिध्य में 10 सामान्य कर्मचारियों के अनुकंपा नियुक्ति नगर निगम आयुक्त के द्वारा की गई है। जिसके लिए हम संघर्ष समिति के सदस्य समस्त अधिकारियों को प्रशंसा करते हैं लेकिन सफाई कामगारों से भेदभाव करके उनकी अनुकंपा नियुक्ति का रोकने का षड्यंत्र इन अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा, जिसकी हम निंदा करते हैं। कौन से भी नीत नियम अनुकंपा नियुक्ति फाइल पर लिखकर नगर निगम आयुक्त को गुमराह करते हैं, वहीं फाइलों को अलमारियों में छिपाकर अनुकंपा नियुक्ति नहीं करने के कई बाइने ढूंढते है। जो कि 5 साल अनुकंपा नियुक्ति नहीं होना दर्शाता है। हम आयुक्त से मांग करते हैं कि तत्काल प्रभाव से अनुकंपा नियुक्ति के आदेश कराया जाए। अन्यथा सफाई कामगारों के मौलिक अधिकारों के लिए संघर्ष समिति करेगी। सफाई बंद हड़ताल जिसकी संपूर्ण जवाबदारी नगर निगम प्रशासन की रहेगी। संघर्ष समिति सदस्य अमर चौहान, राम कल्याणे, विजय खरे, कमल शिंदे, संजय पैमाल आदि ने की है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार ........ –पृष्ठ ........ दिनांक ........ 2021

# शहर के नागरिकों के सहयोग से स्वच्छता में रतलाम नगर बनेगा नम्बर 1

## निगम आयुक्त ने वार्ड पर्यवेक्षकों की बैठक ली



रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत नागरिकों को स्वच्छता का पाठ पढ़ा कर शहर के सभी वार्डों को जीरो वेस्ट बना चुके नगर निगम प्रशासन ने बुधवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 1001 रांगोली का निर्माण कर लाखों लोगों को कोरोना से बचाव के तरीके समझाए गए है। इस मौके पर सैकड़ों लोगों को निःशुल्क मास्क का वितरण कर उन्हे सही ढंग से मास्क पहनने का तरीका भी समझाया गया है। रांगोलियों में नगर निगम करती आव्हान, मास्क पहनों श्रीमान जैसे दर्जनों संदेश दिए गए थे।

कलेक्टर और नगर निगम प्रशासक गोपालचंद डाड और निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश पर बुधवार सुबह रांगोली का निर्माण शुरु किया गया जो देर शाम तक चलता रहा।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार रतलाम नगर के सभी 49 वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जा चुका है जिसके तहत स्व सहायता समूह की रैग पिकर्स महिलाओं को शहर में ही रोजगार मिलने के साथ ही सूखे कचरे का निष्पादन भी किया जा रहा है इस कार्य में रतलाम नगर के नागरिक भी जागरूक हो चुके है नागरिकों के सहयोग से ही रतलाम नगर स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में नम्बर 1 बनेगा। निगम आयुक्त ने वार्ड पर्यवेक्षकों की बैठक लेकर कहा कि नगर निगम के साथ-साथ नागरिकों का भी यह प्रयास है कि स्व%छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम नम्बर 1 बने इस हेतु किसी भी स्थिति में सड़क, नाले-नालियां, रिक्त भूखण्ड आदि पर कचरा ना रहे। इसके अलावा नगर के प्रत्येक घरों से गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक लिया जाये साथ ही अपने-अपने वार्डों में सफाई के कार्य को ओर अधिक सुदृढ़ बनायें। निगम आयुक्त ने बताया कि नगर के सभी 49 वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाये जाने से वार्डों की सड़कों, गलियों एवं नालियों में कचरे की मात्रा कम हुई है नागरिक भी प्रातः अपने घरो, दुकानों से निकलने वाले कचरे का स्वंय गीले एवं सूखे कचरे पृथक्कीकरण कर कचरा संग्रहण वाहन में डाला जा रहा है इस कार्य में रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा भी पुरा सहयोग किया जा रहा है। निगम कचरा संग्रहण वाहन के सूखे कचरे को एक स्थान पर खाली किया जाकर रैग पिकर्स महिलाओं द्वारा पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टुटे खिलौने, प्लास्टिक आदि को पृथक कर कबाड़ी को बेचा जा रहा है जिसका कबाड़ी द्वारा रजिस्टर भी संधारित किया जा रहा है।

वार्डों में कचरा संग्रहण वाहन के साथ दुर्गा व ईश्वर स्व सहायता समूह रैग पिकर्स महिला, आई.ई.सी. टीम के सदस्य, वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, इंजीनियर आदि ने वार्ड के 100 प्रतिशत घरो पर जाकर नागरिकों से गीला एव सूखा कचरा पृथक-पृथक प्राप्त कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक वाहनों में डाला।

### नगर निगम करती आह्वान, मास्क पहनो श्रीमान

कोरोना काल के बीच विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर नगर निगम ने एक ही दिन में 1001 रांगोली का निर्माण कर लाखों लोगों को बताया मास्क, सैनेटाईज और दो गज की दूरी का महत्व, सैकड़ों लोगों को निःशुल्क मास्क का वितरण किया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दैनिक भास्कर पृष्ठ 15 ..... दिनांक 9-4 ..........2021

**9 दिनी लॉकडाउन** • आज शाम 6 बजे से शुरू होकर 19 अप्रैल सुबह 6 बजे तक चलेगा

# दूध, सब्जी, किराना, घरेलू गैस सिलेंडर की तय समय में होम डिलीवरी, बाकी सब बंद

भास्कर संवाददाता | रतलाम

9-4-2021

दस महीने आठ दिन बाद कोरोना की दूसरी लहर का पहला 9 दिनी टोटल लॉकडाउन शुक्रवार शाम 6 बजे से लग जाएगा। 204 घंटे लंबा टोटल लॉकडाउन 19 अप्रैल सुबह 6 बजे खुलेगा। दूध, सब्जी, किराना, गैस सिलेंडर की तय समय में होम डिलीवरी होगी। मेडिकल, अस्पताल, बैंक, पेट्रोल पंप, उद्योग सहित अन्य जरूरी सरकारी कार्यालय खुले रहेंगे। बाकी सारे सरकारी, गैरसरकारी कार्यालय व संस्थाएं बंद रहेंगी। लोगों को घर में रहना होगा। दूसरी लहर को रोकने के लिए 28 मार्च को 32 घंटे तथा 3 व 4 अप्रैल को 56 घंटे का लॉकडाउन लगा था। संक्रमितों की संख्या बढ़ने और बुधवार व गुरुवार को मिलाकर पॉजिटिव का आंकड़ा 250 पार जाने के बाद सरकार को टोटल लॉकडाउन लगाने का फैसला लेना पड़ा। देश में अप्रैल से मई 2020 तक तीन चरणों में टोटल लॉकडाउन चलने के बाद पहली जून से अनलॉक की शुरुआत हुई थी।

## जैसे ही लॉकडाउन की सूचना आई, बाजार में बढ़ गई भीड़



माणकचौक क्षेत्र की किराना व अन्य दुकानों पर लगी नागरिकों की भीड़। फोटो | राकेश पोरवाल

**सब्जी मंडियां खचाखच, सड़कों पर जाम -** गुरुवार दोपहर 1 बजे यानी 29 घंटे पहले प्रशासन ने टोटल लॉकडाउन की घोषणा इसलिए की थी ताकि लोग सावधानी बरतते हुए जरूरी सामान खरीद सकें। जैसे ही सोशल मीडिया पर जानकारी वायरल हुई। किराना दुकानों पर भीड़ रही, तो सब्जी मंडियां खचाखच भरी नजर आई। राम मंदिर, धानमंडी, माणकचौक बाजार की सड़कों पर जाम लगते रहे।

***गाइडलाइन जारी -*** *संक्रमण रोकने राज्य शासन के निर्देश पर रतलाम जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में 9 अप्रैल शाम 6 से 19 अप्रैल सुबह 6 बजे तक के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जरूरी सामान लोगों तक पहुंचे इसके लिए व्यवस्था बनाई है। किन पर प्रतिबंध रहेगा और किस पर छूट रहेगी। इसकी गाइडलाइन जारी कर दी है।* गोपालचंद्र डाड, कलेक्टर

## इधर, टोटल लॉकडाउन का विरोध भी हो गया शुरू

9 दिनी का टोटल लॉकडाउन लगाने की घोषणा के साथ विरोध शुरू हो गया है। सोशल मीडिया पर लॉकडाउन विरोधी मैसेज चल रहे हैं। लॉकडाउन की घोषणा के विरोध में कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से मिला। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया के नेतृत्व में गए प्रतिनिधि मंडल ने बताया व्यापार-व्यवसाय चौपट है। दैनिक रोजगार वाले परेशान हैं। ऐसे में लॉकडाउन से तकलीफ बढ़ेगी। अन्य विकल्प के बारे में सोचना चाहिए। प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष यास्मीन शेरानी, युवक कांग्रेस अध्यक्ष मयंक जाट, नीलेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। उधर संयुक्त व्यापारी संघ अध्यक्ष मनोज झालानी ने एसडीएम अभिषेक गेहलोत से चर्चा कर लॉकडाउन के फैसले पर पुनर्विचार को कहा है। झालानी ने बताया लॉकडाउन कोरोना के खात्मे का हल नहीं है।

# रंगोली से दिया जागरूकता का संदेश



रंगोली बनाकर जागरूकता का संदेश देती हुई बालिकाएं - महिला। ● नईदुनिया

**रतलाम।** कलेक्टर व निगम प्रशासक गोपालचंद्र डाड और नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर कोरोना महामारी से लोगों को बचाने के लिए चलाए जा रहे अब ना कोई बहाना, मास्क है लगाना अभियान के तहत गुरुवार को भी शहर के सार्वजनिक स्थलों पर सफाई मित्र समूह की टीम ने रंगोलियों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देते नागरिकों को मास्क वितरण किए। साथ ही मास्क सही ढंग से पहनने का तरीका समझाया गया। इस मौके पर शहर के भीड़ वाले इलाकों में बगैर मास्क के घूम रहे लोगों के साथ गांधीगिरी करते हुए मास्क देकर उन्हें समझाइश दी गई कि मास्क आपके और आपके परिवार के लिए सेहतमंद है। नगर निगम के अभियान का असर भी आज शहर में देखने को मिला।